# महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता (ऊधम सिंह नगर)

गृह विज्ञान विभागीय परिषद (सत्र 2024-25)

दिनांक: 3 मार्च 2025
स्थान: महाविद्यालय परिसर


## सलाद सज्जा प्रतियोगिता


## आख्या

आज दिनांक 4 मार्च 2025 को महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में सलाद सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग प्रतिभाग किया तथा अपनी-अपनी रचनात्मक सोच एवं कला-कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न प्रकार की सब्जियों, फलों तथा हर्ब्स का उपयोग करके सलाद सज्जा की । छात्र-छात्राओं द्वारा सलाद सजाने के लिए विशिष्ट और आकर्षक शैलियों का चयन किया गया। छात्राओं ने सब्जियों का उपयोग करके फूलों के आकार में और गोलाकार और त्रिकोणीय आकृतियों में काट कर सजाया। कुछ छात्राओं ने 'मिनिमलिस्टिक' शैली में भी केवल एक फल से सलाद को अत्यंत आकर्षक तरीके से एक चिड़िया के रूप मे प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के समापन पर निर्णायक मण्डल ने सभी सलाद प्रदर्शनों का मूल्यांकन किया और उनकी रचनात्मकता, सुंदरता, संघटन, स्वाद और स्वच्छता के आधार पर उनका मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में कपिल सिंह राणा ने प्रथम, खुशी गुप्ता ने द्वितीय तथा रजविन्दर कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।




Scanned with OKEN Scanner




प्राचार्य
महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय
नानकमत्ता (ऊधम सिंह नगर)

प्रभारी
गृह विज्ञान विभाग

Scanned with OKEN Scanner